गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक कें आधुनीकिकरण एवं नवीनीकरण की कड़ी में आज योगी आदित्यनाथ जी महाराज सांसद गोरखपुर के द्वारा कई नई मशीनों का उद्‌घाटन फीता काट कर किया गया।

उन्होने कहा कि आज के इस तेजी से बदलते युग में चिकित्सा के क्षेत्र में सराहनीय प्रगति हो रही हैं और इसी को ध्यान में रखते हुए गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक जो कि आम जनमानस की सेवा मे रत हैं उसका आधुनीकिकरण नई एवं आधुनिकतम स्वचलित कम्प्युटरीकृत मशीनों द्वारा किया जा रहा हैं।

ब्लड बैंक प्रभारी डा0 अवधेश अग्रवाल ने कहा की इस नवीनीकरण के पश्चात प्रदेश में पूर्व से सर्वोच्च स्थल पर स्थापित इस ब्लड बैंक की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता पहले से अधिक बढ जाएगी एवं आवश्यकमंदो को अधिक सुविधा उपलब्ध होगी।

उक्त अवसर पर चिकित्सालय के निदेशक डा0 ब्रिगेडियर के0 पी0 बी0 सिहं, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 घनश्याम सिहं, मु0 चि0 अधिक्षक डा0 सी0 एम0 सिन्हा, उप मुख्य चि0 अधिकारी एवं ब्लड बैंक प्रभारी डा0 अवधेश अग्रवाल, वरिष्ठ परामर्श चिकित्सक डा0 ओ0 पी0 राय, स्कूल आफ नर्सिंग की प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा, डा0 डी0 पी0 सिहं, डा0 संतोष वर्मा, डा0 मधुसुदन सिहं, सहित चिकित्सालय कि तमाम चिकित्सक गण एवं नगर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।